संपादकीय

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की द्वारा ''जल संसाधनों के प्रबंधन में नवीनतम तकनीकों का प्रयोग'' विषय पर आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय जल संगोष्ठी में प्रस्तुतिकरण हेतु चुने गए शोध पत्रों के सारांश का संकलन सुधी पाठकों एवं उपयोगकर्ता संगठनों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। दिनांक 16–17 दिसम्बर, 2011 को आयोजित इस संगोष्ठी में शामिल देशभर के वैज्ञानिकों, अभियंताओं, शिक्षाविदों तथा शोधकर्ताओं ने जल से जुड़े अपने भिन्न–भिन्न रोचक, उपयोगी तथा महत्वपूर्ण शोध पत्र देकर इस संगोष्ठी के आयोजन को सफल एवं सार्थक बनाने में सराहनीय योगदान दिया है। हम इन समस्त प्रबुद्ध लेखकों का सहृदय आभार व्यक्त करते हैं जिनके सहयोग से ही इस संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सका है।

हमें आशा है कि संगोष्ठी की यह सारांश पुस्तिका जल एवं जल संसाधन के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण एवं उपयोगी साबित होगी।

(संपादक मंडल)